तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात भाजपाइयों ने सुनी...





12 धनेलीकन्हार में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास ...




## खबर संक्षेप

### पांच दिनी योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा आयोजित ग्राम वाटिन टोला में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह भगवान धन्वंतरि के पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथियों के द्वारा किया गया। योग प्रशिक्षक शिव प्रसाद बघेल द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत प्रतिभागियों को योगासन के विभिन्न आसन के बारे में बताया गया। ग्राम वासियों का विभिन्न बीमारियों का इलाज कर औषधि प्रदान की गई।

### तालाब में डूबने से युवती की हुई मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम मोहपुर निवाी 36 वर्षीय पुर्णिमा वट्टी पिता पतिराम वट्टी का तालाब में डूबने से 28 जनवरी को दोपहर 1 बजें जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड व्वॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका तालाब में डूब गई थी, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, जिसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### बुजुर्ग की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत साल्हेभाट निवासी 60 वर्षीय अर्जुन नेताम पिता रानाराम का ईलाज के दौरान 26 जनवरी को सुबह साढ़े 9 बजें जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाजा बजाने पर विवाद और पड़ोसी से मारपीट



**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत 27 जनवरी की शाम को घर के सामने बाजा बजा रहे युवक को बजा बजाने से मना करने अपने पड़ोसी के साथ मारपीट करने गला। मारपीट की शिकायत पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम भानपुरी निवासी 51 वर्षीय देवेंद्र कुमार सिन्हा पिता स्व.धनसिंग सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को शाम करीबन साढ़े 4 बजे अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय मेरे पड़ोसी आरोपी 38 वर्षीय मिलाप राम कोर्राम पिता स्व.रंजन कोर्राम अपने घर के सामने बाहर में बाजा बजा रहा था, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर आरोपी मिलाप राम ने तुम कौन होते हो रोकने वाला कहते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए ईटा फेंककर मारा। भालानुमा लोहे की राड को अपने घर लेकर आया और हमला करने लगा, जिसे रोकते समय मेरे बाएं हाथ में चोट आया है। भाले को नहीं रोकता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 (बी) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**सियासत : लोस भर जीतना नहीं बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना भाजपा का उद्देश्य : अजय जामवाल**

# लोकसभा चुनाव: भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची फरवरी में संभव, 11 सीटों पर होगी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की फरवरी में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने की तैयारी है। विधानसभा की तरह लोकसभा में भी चौंकाने वाले फैसले सामने आ सकते हैं। प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और कांकेर लोकसभा के प्रभारियों ने जिम्मेदार पदाधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा के चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति तैयार किया और किस ढंग से काम करना है, यह बताया गया।

कमल सदन में कांकेर लोकसभा के लिए आयोजित बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2024 का लोकसभा जीतना नही बल्कि भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें 2047 तक सरकार बनाए रखना है । हम पिछले डेढ़ वर्षो से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगे है। भाजपा के राष्ट्रीय नेता निचले स्तर तक प्रवास करेंगे और मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि छग में लोकसभा की सभी 11 सीटे हम जीतेंगे और भाजपा देश मे भारी बहुमत से सत्ता में वापसी करेगी। संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि लोकसभा चुनाव पास है, इसके लिए हमें अभी से प्रचार में जुट जाना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष में प्रचार के लिए दीवार लेखन की शुरुआत कर दी है । हमे भी प्रत्येक बूथ में कम से कम 5 जगहों पर दीवार लेखन करना है । गाँव में लोगो से संपर्क कर केंद्रीय योजनाओ के लाभार्थियों से बात करनी है । चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ताओ की सहभागिता हो ऐसी रणनीति बनानी है। हमे हर बूथ में अपना वोट बैंक बढ़ाना है। सोशल मीडिया में अच्छे से प्रचार-प्रसार करें । हमारा सत्ता में आने का उद्देश्य लोक कल्याण है, न कि सांसद व विधायक बनाना । हमे सम्पूर्ण समाज को साथ लेकर चलना है ।







### खास बातें

- सर्वे रिपोर्ट में सभी सीटों के नाम भी दिल्ली तक पहुंच गए हैं
- दीवार लेखन के लक्ष्य को प्रत्येक विधानसभा में करें पूरा, योजनाओं की दें जानकारी
- चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ताओं की सहभागिता हो ऐसी रणनीति बनाना होगा

### प्रदेश की 11 लोकसभा को 4 क्लस्टर में बांटा

पूर्व मंत्री व लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने कहा कि पूरे देश मे भाजपा ने लोकसभा को अलग-अलग क्लस्टर में बांटा है । छग में 11 लोकसभा को 4 क्लस्टरों में बांटा गया है । उन्होंने कहा कि कांकेर लोकसभा के 8 विधानसभा में से 5 विधानसभा में हम पीछे है । पिछले चुनाव में भी हम पीछे होते हुए भी हमने कांकेर लोकसभा जीता । इस बार भी हमें हर हाल में कांकेर सहित छग की सभी लोकसभा सीटे जीतनी है । चुनाव की तैयारी के लिए सभी समितियों व उप समितियों का गठन करें । प्रत्येक लोकसभा का अलग से घोषणा पत्र बनाना है उसके लिए घोषणा पत्र समिति का गठन कर लें ।

### पहले चरण में कांकेर प्रत्याशी की घोषणा संभव

बैठक के बाद दावेदारों में यह चर्चा रही कि विधानसभा चुनाव की तर्क पर लोकसभा चुनाव में भी आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशी घोषित करने की तैयारी है। पहले तो 30 जनवरी को प्रत्याशी घोषित करने की तैयारी थी, लेकिन बिहार में चल रही राजनीतिक उठा पटक के कारण अब फरवरी में कभी भी करीब डेढ़ सौ सीटों पर प्रत्याशी घोषित हो सकते हैं, जिसमें कांकेर लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी का ऐलान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा की तरह भारतीय जनता पार्टी चोंकाने वाले नाम लोकसभा में ला सकती है। वर्तमान सांसदों में से कई का पता कट सकता है। जहां कांग्रेस के साथ कांटे का मुकाबला हो सकता है वहां कई स्तरों पर सर्वे किया गया है। वरिष्ठ नेताओं से भी सलाह ली जा रही है। संगठन फूंक फूंककर कदम रख रहा है। भाजपा की रणनीति इस बार पूरी 11 सीटो पर जीत की है।

### भाजपा नए चेहरों पर खेल सकती है दांव

बैठक के बाद बैठक में उपस्थित भाजपाईयों में चर्चा थी कि इस बार भी लोकसभा के चुनाव में ज्यादातर सीटों पर नए चेहरों पर दांव खेलने की तैयारी है। एक या दो ही सीटों पर ही वर्तमान सांसदों को चुनाव लड़ाया जा सकता है, बाकी सीटों पर नए चेहरे होगे। इनमें पहले भी सांसद रहे कुछ चहेरों को जरूर मैदान में उतारा जा सकता है। सर्वे रिपोर्ट में सभी सीटों के नाम भी दिल्ली तक पहुंच गए हैं। सूत्रों की मानें तो कांकेर लोकसभा के लिए नए चेहरों में विकास मरकाम, परमानंद तेता, राधेलाल नाग, भूपेंद्र नाग, देवेंद्र भाऊ, पंचूराम नायक और महिला में बात करें तो पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पिंकी ध्रुव का नाम की भी चर्चा रही।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में सांसद मोहन मण्डावी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, बालोद केसी पवार, विधायक आशाराम नेताम, लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, संतोष बाफना, भरत मटियारा, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, भोजराज नाग, कमल चन्द्र भंजदेव, महावीर सिंह राठौर, विकास मरकाम, आलोक ठाकुर, किरण उसेंडी, नंदू ओझा, निपेन्द्र पटेल, विजय मण्डावी, उमा शर्मा, राजा पांडेय, संजय सिन्हा, मोती नाग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एनसीसी व्यक्तित्व निर्माण, साहस व सदभावना सीखने की पाठशाला



- नवोदय विद्यालय में ए सर्टिफिकेट परीक्षा हुई आयोजित

**कांकेर।** नवोदय विद्यालय करप में 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र एनसीसी कंपनी के द्वारा ए सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित किया गया। इस परीक्षा में वहीं कैडट्स ने भाग लिया, जिन्होंने जूनियर डिवीजन एनसीसी में दो वर्ष में एसीटीसी का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके साथ 75 प्रतिशत उपस्थिति और एक वार्षिक शिविर में भाग लिया है।

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य जयंती पी गोपाल ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अगर आपके पास एनसीसी सर्टिफिकेट है, तो यूपीएससी, एनडीए और सीडीएस परीक्षाओं में विशेष छूट मिलती है, इसके जरिए आसानी से भारतीय सेना में ऑफिसर बन सकते हैं। विद्यालय के एनसीसी अधिकारी कमल सिंह ने बताया की परीक्षा से कैडेट को व्यापक ज्ञान और समझ के साथ भाषा कौशल को मापती है और उन्हें विभिन्न प्रश्नों का सामान्य और सामाजिक संवाद क्षमता के साथ हल करने का अवसर प्रदान करती है। इसके माध्यम से छात्र व्यापक रूप से अपनी शिक्षा और करियर के लिए तैयारी कर सकते हैं। एनसीसी ऑफिसर पंकज कुमार सेन ने एनसीसी के द्वारा व्यक्तित्व, सौहार्द, साहस की भावना, एक धर्मनिरपेक्ष मानसिकता का विकास करना और युवाओं को निस्वार्थता, उचित अनुशासन सिखाना है। यह बच्चों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने या अपना करियर चुनने के दौरान उन्हें आश्वस्त करने का काम करता है। प्रमाण पत्र की परीक्षा को एनसीसी कोर्स करना होता है उनका पहले आर्मी की एक परफेक्ट सोल्जर बनकर देश सेवा कर सकते हैं। हवलदार राजेश कुमार ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मुख्य चौक का हैंडपंप कई दिनों से खराब, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कोदापाखा मिलपारा दो हैंडपंप के भरोसे गांव चल रहा हैं। गांव में संचालित हो रहे हैंडपंपों में मिलपारा के मुख्य चौक का हैंडपंप कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। कोदापाखा मिलपारा निवासियों ने हैंडपंप खरब होने कि जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, हैंडपंप सुधारक एवं पीएचई विभाग को भी दिया गया है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कोदापाखा मिलपारा निवासी दिनेश नरेटी लालसाय कल्लो, रूपेश मण्डावी, बिरेंद्र नरेटी ने बताया कि पानी की किल्लत से हम लोगों को जूझना पड़ रहा है, क्योंकि मुख्य चौक का हैंडपंप खराब होने से 300



मीटर दूरी में स्थित हैंडपंप से काफी परेशानी झेलकर पानी लाना पड़ता है। उपसरपंच दिनेश नरेटी ने बताया कि हैंडपंप खराब के संबंध में हैंड पंप सुधारक को जानकारी अवगत कराया गया है, लेकिन वह भी जिम्मेदारी से हटते हुए पाइप फटे होने का हवाला देता हैं। उन्होंने आगे कहा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी की सुविधा पहुंचाने की ढोल बजाने वाली सरकारे पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही हैं। हमारे ही माइंस क्षेत्र के एक दिन में ट्रको ट्रक कई टन कच्चा लोहा ले जाया जाता है, लेकिन माइंस प्रभावित स्थानीय लोगों के लिए लोहे की पाइप से वंचित होना पड़ रहा है। हमारे पारा में एक ही नल के भरोसे चल रहे हैं और इस नल में पानी अधिक भीड़ होने से काफी मशक्कत के बाद पानी मिलता है। मिलपारा वासियों ने तत्काल हैंडपंप सुधार करने की मांग की है एवं जल्द सुधार नहीं किया गया तो कलेक्टर के पास शिकायत किए जाने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर के शासकीय कर्मचारियों की लापरवाही से लगातार ग्रामीण परेशान हो रहे है।

## पीएम मोदी ने मन की बात में योजनाओं की दी जानकारी

**पखांजूर।** नगर पंचायत पखांजुर के वार्ड क्रमांक 2 दीनदयाल उपाध्याय नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि मन की बात सुनने के लिए भारी संख्या में भाजपाई कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि मन की बात सुना गया। इस अवसर पर पुराना बाजार कमेटी के लोग एवं वार्ड क्रमांक 2 के महिलाओं में उत्सुकता देखने को मिला। मन की बात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सरकार के योजनाओं के



बारे में जानकारी दिया गया। खासकर प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजन के बारे में जानकारी देते हुए खुकुमोनी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह केंद्र सरकार की महत्वकांशी योजना है। मोनिका साहा ने मोदी की गारंटी जैसे महतारी वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया। आगामी कुछ महीनो में लोकसभा चुनाव के बारे में भी चर्चा किया गया। मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए महिलाओं में काफी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सेप्टिक का पानी वार्ड में घुसा, लोग परेशान जिम्मेदारों को परवाह नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा के सेप्टिक टैंक ओव्हरफ्लो होने के कारण गंदा पानी रिसाव होकर टैंक से बाहर होते हुए वार्डो के घरो तक जा रहा है, जिससे आम लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू से वार्डवासी परेशान है और गंदगी के बावजूद लोग गुजरने को मजबूर हो रहे है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सेप्टिक टैंक से पानी का रिसाव होते विगत 15 दिनो से ज्यादा हो रहा है। वार्डवासियो के द्वारा सेप्टिक के पानी का रिसाव की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ-साथ नगर पंचायत को भी दिया गया है, लेकिन दोनो विभाग की ओर इस समस्या का समाधान नही कर पा रहे है। बदबू आने से वार्डवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। इस बारे में बीएमओ लखनलाल जुर्री ने बताया कि सेप्टिक के ओवरफ्लो का पानी निकालने के मार्ग में वार्डवासियो के द्वारा कचरा डंप कर दिया जाता है, जिसके चलते ओव्हरफ्लो का पानी जो कि नाली मे जाना चाहिए, वह सेप्टिक के दूसरी ओर से रिसाव हो रहा है। सफाई कर्मचारियो के माध्यम से जल्द सेप्टिक की सफाई करवा दिया जाएगा।

भविष्यच में ऐसी असुविधा न हो इसके लिए वार्डवासियों को कचरा नालियो में डालने से बचना चाहिए। बस स्टैण्ड की पूरी गंदगी, सुलभ शौचालय की गदगी, नियमित सफाई नही होने और पानी के निकासी की उचित व्यवस्था नही होने के चलते पूरे वार्ड मे गंदगी फैली हुई है। वार्ड मे कही भी कचरा पेटी या कुड़ादान नही है, जिसके चलते वार्डवासी घर व अन्य कचरा सड़क या नालियो में फेंक देते है।

**सीएम और एमडी से संघ के पदाधिकारियों ने की मुलाकात**


# लघुवनोपज प्रबंधक संघ 6 से बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ लघुवनोपज प्रबंधक संघ के आव्हान पर प्रदेश के 902 प्रबंधकों ने 36 वर्षों से लंबित नियमितीकरण की मांग एवं वित्त विभाग से अनुमति मिलने के बाद भी प्रबंधकों को 7, 8, 9 ग्रेड-पे न मिलने के चलते मुख्यमंत्री एवं एमडी से मुलाकात उनके सामने अपनी मांगो को रखा।

- मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितका लीन हड़ताल की दी चेतावनी

लघुवनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामाधर लहरे ने बताया कि प्रबंधक विगत 36 वर्षों से 14 लाख लघु वनोपज संगठनकर्ता परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचा रहे है, जिनमे से मुख्य रूप से तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान, बोनस का वितरण, 14 लाख परिवारों का बीमा, छात्रवृत्ति, 65 प्रकार के लघु वनोपज का न्यूनतम संग्रहण दर में संग्रहण शामिल है। प्रबंधकों की महेनत के कारण ही छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संग्रहण में पूरे देश मे नंबर वन है। कोई भी राज्य छग के आस-पास भी नही है। लघु वनोपजो के संग्रहण में प्रदेश सरकार को 13 राष्ट्रीय अवार्ड भी मिले, फिर भी सरकार एवं अधिकारियों द्वारा विगत 36 वर्षो से प्रबंधको का सिर्फ शोषण और छला जा रहा है। 2016 में प्रबंधकों के लिए सेवा नियम भी लागू किया गया था, जिसमें साफ लिखा है कि एक वर्ष की परिक्षावधि के बाद प्रबंधक नियमित माने जाएंगे, लेकिन आज तक धरातल में नही लाया गया, जिसके चलते प्रदेश के समस्त प्रबंधकों ने 6 फरवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।



### 60 लाख संग्राहकों पर पड़ेगा असर

प्रबंधकों के हड़ताल पर जाने से लघु वनोपज संग्रहण, 14 लाख परिवारों के बीमा प्रकरण, बोनस भुगतान संबंधी अनेक योजनाएं जो सीधे आम जनता से जुड़ी है, पूर्ण रूप से प्रभावित होंगी, जिसका प्रभाव आने वाले लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। प्रबंधकों के साथ प्रदेश के 60 लाख संग्रहक सीधे तौर पर जुड़े है, जिसका प्रभाव सभी चुनाव में मुख्य रूप से दिखता है।


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### नेधुम-धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**चारामा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण कर एकता प्रसार और सामाजिक समरूपता का संदेश दिया। 75 वीं जयंती को सहभागी समाज सेवी संस्था चारामा में बड़ी धुम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर बसंत यादव ने कहा कि आपसी मतभेदों को दूर कर समाज की तरक्की में अपना बहुमूल्य योगदान दे। कार्यक्रम के दौरान विजय ठाकुर, कलावती कश्यप, अशोक तिवारी, महादेव बंछोड़, नंदू देवांगन, विनोद साहू, लोकमान्य साहू, गरिमा कश्यप, युवराज नागराज, सचिन राजपूत, लोकनाथ, गौकरण व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बस्तर के 2 कर्मी को प्रदेश स्तर पर सम्मानित

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर क्षेत्र में कार्यरत दो कर्मचारियों को प्रदेश स्तर पर कंपनी के गणतंत्र दिवस में रायपुर स्थित कार्यक्रम में कंपनी के एमडी ने पुरस्कृत किया। जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी के मीटर रिले परीक्षण संभाग जगदलपुर में पदस्थ परिचारक श्रेणी एक केशबो लाल नेताम को 132 केव्ही उपकेंद्र सुकमा के 33 केव्ही छिंदगढ़ फीडर एवं 132 केव्ही उपकेंद्र बीजापुर के 33 केव्ही गंगलूर फीडर के पेनल वायरिंग को नियत समय में पूर्ण करने अवार्ड दिया गया। वितरण केन्द्र आमाबोड़ा (जगदलपुर) में कार्यरत राजूराम शोरी को वनांचल ग्रामों में बाधित विद्युत अवरोध को तत्काल सुधार, ट्रांसफार्मर फेलुअर रेट को कम करने व बकाया वसूली हेतु उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कार दिया गया।

### बाजार में टमाटर व भिंडी हुआ महंगा

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार परिसर में सब्जियों से भर गया, जहां शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीदार सब्जी लेने पहुंच रहे हैं। बाजार में टमाटर एवं भिंडी महंगे होने से खरीददार परेशान दिखे। प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है, इसलिए प्याज की दर बढ़ने की संभावना है। बाजार में टमाटर 20, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 20, शिमला मिर्च 100, हरी मिर्च 50, भिंडी 80, भट्टा 50, बरबटी 80, करेला 80, आलू 20, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रुपए में 22 जूड़ी में बिक रही है।

### चीतापुर ने डिमरापाल को हराकर बना चैम्पियन

**जगदलपुर।** दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चीतापुर में जिला स्तरीय क्रिकेट मैच संपन्न हुआ। क्रिकेट मैच में 32 टीम ने भाग लिया जिसमें विजेता ग्राम चीतापुर और द्वितीय डिमरापाल रहा। प्रथम पुरुस्कर 31000 और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 15000 और ट्राफी था। प्रथम पुरुस्कार विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष लखिधर बघेल, जिला मंत्री हरि साहू के हाथों दिया गया। द्वितीय पुरस्कार दरभा जनपद पंचायत जानकी राव, चितापुर-1 सरपंच चेतुराम कश्यप, चितापुर-2 सरपंच बशीधर कश्यप, डीलमिली-2 सरपंच दुर्जन कश्यप के हाथों दिया गया।

## दिवस : विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक संध्या में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया

# हल्बापारा मिचेसुखई में गणतंत्र दिवस और वार्षिकोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मर्रामपानी संकुल के रोल मॉडल स्कूल हल्बापारा मिचेसुखई में गणतंत्र दिवस व वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रभातफेरी और ध्वजारोहण के पश्चात स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नाट्य, पारंपरिक लोकनृत्य व छत्तीसगढ़ी नृत्यों से समां बांधा।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जनपद प्रतिनिधि अशोक जैन ने कहा कि गणतंत्र को बनाए रखने के लिए बच्चों को शिक्षित करना होगा, शिक्षक अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभा रहे हैं। इसलिए हर पालक को अपनी जिम्मेदारी का पालन करते हुए बच्चों की शिक्षा पर बल देना चाहिए। थाना प्रभारी मनीष नेताम ने कहा कि लोकतंत्र सदैव बनी रहे इसके लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। गणतंत्र का यह महापर्व हमें शांति व सुरक्षा ही नहीं अपितु बच्चों की शिक्षा पर भी बल देने के लिए प्रेरित करता है, जिससे सभ्य समाज का निर्माण होना है। आपसी कलह, झगड़े या अन्य अपराधों से मुक्त समाज की परिकल्पना कर गणतंत्र को मजबूत कर सकते हैं, इसलिए सभी मिल-जुलकर रहें, इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष जगतराम दुग्गा ने कहा कि आजादी के दीवानों ने देश के लिए जो कुर्बानियां दी हैं, वह व्यर्थ नहीं जाएगा। उनके सपनों को हमें पूरा करना है इसलिए यह गणतंत्र दिवस हम सबके लिए खास है। गणतंत्र का मतलब जनता का शासन होता है इसकी शक्ति संविधान में निहित है। कार्यक्रम को ग्राम पटेल सन्नूराम कोमरा, चैतुराम हुर्रा व अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री फूलसिंह मंडावी, सुखई सरपंच सुमित्रा दुग्गा, ग्राम गायता चमरूराम कोमरा, तीजूराम दुग्गा, प्रेमलाल खरे, सोमलाल खरे, बज्जूराम दुग्गा, ललित गोयल, नंदकुमार खरे, प्रधान पाठक शिवलाल बघेल, हंसाराम राना, संकुल समन्वयक टेकेश्वर साहू, विजेन्द्र साहू, ज्योति साहू, प्रमिला सोम, प्रधानपाठक मुकेश बघेल सहित शाला स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।



### गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह लहराया तिरंगा और हुए विविध रोचक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज.दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय व विकासखंड के समस्त शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्र,सहकारी समितियों में 75वां गणतंत्र दिवस पूर्ण हर्षोल्लास से शांति पूर्वक मनाया गया। इस वर्ष प्रत्येक स्थान पर ध्वजारोहण पश्चात झांकी में छत्तीसगढ़ महतारी, गाँधी, सुभाष आदि नायकों के प्रतिरूप के साथ प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति गीत व नारो की गूंज रही। 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर बड़ी धूमधाम से प्रत्येक ग्राम में सार्वजनिक रूप से छात्र छात्राओं व ग्रामीणों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य एसडी दास, एकलव्य विद्यालय में बैजनाथ नरेटी, जनपद पंचायत में अध्यक्ष संतो दुग्गा, खंड शिक्षा कार्यलय में मनीषा मंडावी अध्यक्ष शिक्षा समिति, कृषि विभाग में कृषि सभापति, वन विभाग में वन सभापति, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, अटल चौक, थाना, बीएसएफ कैम्प, स्वास्थ्य विभाग, हाई स्कूल आमागढ़ में संस्था प्रमुख रघुनाथ साहू, सिहारी में संस्था प्रमुख किशोर सरकार, कीडेकुर्से में संस्था प्रमुख थानेश्वर चंद्राकर दमकसा में जीआर मंडावी व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में संस्था प्रमुखऔर विकास समिति के अध्यक्ष के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति रेकॉर्डिंग नृत्य, योग के साथ नृत्य, कराओके गीत, नाटक, बाल कविताओं में नन्हे मुन्हे आंगनबाड़ी, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एकलव्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, मध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल सयुंक्त रूप से पूजा अर्छना पश्चात ध्वजारोहण कर सांस्कीतिक कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राधा जैन, कार्यक्रम अध्यक्ष राम बघेल, विशिष्ट अतिथि पार्वती सोरी, अमिता उईके, जिला सदस्य हुमन मरकाम, सकुंतला नरेटी, मुकेसवरी नरेटी, जोहन गावड़े, विजय पटेल, धनीराम धुर्वा, मुना सिन्हा, मुकेश देवांगन, अशोक जैन, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, पीला राम उइके, महत्मा दुग्गा, प्राचार्य बैजनाथ नरेटी, महेश दीवान, शिक्षक तिरपति दता, पूनम वाधवानी, पियका यादव, मधु धूवा, हरिशंकर उइके, सावित्री मण्डल, रेशमां कोरते, दीक्षा राते, इंदिरा नरेटी, जोहर उइके, राजु साहू, रोशनी सेंगर, भारती पटेल, हर्षा रवानी, भूमेस्वरी नरेटी, दीपा जैन, सुनील नाग, अमृता धुर्वा, गौकरण पात्र संजय नेताम, उपेस्वरी तेता, गोपाल नरेटी उपस्थित रहे।

### कोदापाखा विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम कोदापाखा के शाउमा विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं द्वारा कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोदापाखा सरपंच अनुपा नरेटी, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच दिनेश नरेटी, ग्राम गायता पत्तीराम नरेटी, ग्राम पटेल राम प्रसाद नरेटी के हाथों बाल कलाकारों को पुरस्करित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे धनाराम कश्यप ने कहा कि हमारे संस्था में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक शाला महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं रंगारंग कई प्रस्तुतियां की गई। वर्ष में एक बार ऐसा महोत्सव छात्र-छात्राओं के लिए अति आवश्यक है क्योंकि बोर्ड परीक्षा नजदीक है, जिसके चलते बच्चों के मन में मानसिक तनाव रहता है। ऐसा मनोरंजक कार्यक्रम उत्सव होने से तनाव दूर होती है और साथ में क्षेत्र के लोगों के लिए मनोरंजन का दिन भी होता है। वार्षिक उत्सव समापन समारोह के अवसर पर अनुपा नरेटी ने कहा कि हमारे क्षेत्र के छात्र-छात्राएं काफी होनहार हैं। शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कृति को भी संजोए रखना अति आवश्यक है। बाल कलाकरो द्वारा शिक्षाप्रद एवं मनमोहन प्रस्तुतियां की गई, जिससे हम काफी उत्साहित हैं। हम उम्मीद करते हैं कि शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे से पढ़ाई करें डॉक्टर, वकील, इंजीनियर उच्च पदों को हासिल करके माता-पिता समाज एवं संस्था क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच सोमा पोटाई, सुरेश नरेटी, नाथूराम दुग्गा, मनऊराम नरेटी, बृजलाल ध्रुव, आत्माराम नरेटी, ललिता बघेल, राधिका चालकी, चैनूराम नरेटी, बीएसएफ कमांडेड राकेश पांडे सहित संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## 6 विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से सम्मान




**जगदलपुर।** 26 जनवरी को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तोकापाल धुरगुड़ा में छात्रावास दिवस एवं वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी परंपरा से संबंधित परब, कर्मा, बारहमासी, कृष्ण भक्ति, मराठा और गुजराती नृत्य सहित भरतनाट्यम एवं अलग अलग विधाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। खेल महोत्सव 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर में चयनित विद्यालय के 6 विद्यार्थी कक्षा 9वीं की बालिकाएं सोनादई कश्यप, सुकलदाई पोयमी, वंदना कश्यप, कक्षा 10वीं की सुष्मिता कश्यप, तुलेंद्री कश्यप, चिंता नाग को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और विद्यालय के कुछ विद्यार्थियों कक्षा 10वीं की छात्राएं परमिला कश्यप, जान्हवी नाग, निर्मला मोर्य का चयन साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में जनरल नॉलेज के संभाग स्तरीय 2023-24 में भी हुआ, जिन्हे पुरुस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सुब्रतो विश्वास जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि सुरेश गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष, अमित भाटिया सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, पुनीत साहू बूथ अध्यक्ष, हल्बा कचोरा भाजपा नगर मंत्री अभय दीक्षित, दर्शन कौर भाटिया, सुधीर दुबे प्रशासकीय अधिकारी, तुलादास मानिकपुरी, लुदर्शन कश्यप, गणेश नागवंशी, प्रवीण श्रीवास्तव, शिवसिंह चंदेल सहित प्राचार्य राजेश गुप्ता, अधीक्षक, अधीक्षिका, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ सुपरवाइजर हटाए जाएंगे : राजबाड़े

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबे समय तक एक ही जगह परियोजना में पदस्थ आईसीडीएस सुपरवाइजर (पर्यवेक्षक) को हटाया जाएगा। परीक्षण व जांच में यदि इसकी पुष्टि होती है तो नियमतः कार्रवाई की जाएगी। यह बात महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजबाड़े ने कही। सुकमा रवाना होने के पूर्व बस्तर दौरे में पहली बार बस्तर पहुंची। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक के पूर्व पत्रकारों से रूबरू हुई। रविवार को सर्किट हाऊस में उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में ही महिला स्वसहायता समूह का गठन हुआ था और उन्हें रेडी टू ईट के माध्यम से रोजगार भी दिया गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने समूह से यह काम छिनकर बीज निगम को सौंपा था। अब भाजपा की सरकार सत्ता में आयी है और फिर से महिला समूह को रेडी टू ईट का काम दिया जाएगा, इस दिशा में विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुपोषण को लेकर अभियान चलाया गया है और बस्तर में सालभर में 3 प्रतिशत की गिरावट आयी है।

## नशे में हंगामा व मारपीट आरोपी पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम लिलेझर में शराब के नशे में गांव के ही व्यक्ति ने महिला व उसके पति के साथ मारपीट किया। मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम लिलेझर निवासी 37 वर्षीय नीरा बाई बघेल पति ललित बघेल ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर के सामने बैठी थी। उसी समय आरोपी ग्राम लिलेझर निवासी जनक यादव पिता महिमा यादव मेरे घर के सामने शराब पीकर आया और गंदी गंदी गाली गलौज करने लगा। मैने आरोपी से कहा कि घर के सामने गाली गलौज क्यों कर रहे हो, ऐसा बोलने पर आरोपी आवेश में आ गया और तुम कौन होती हो मना करने वाली कहते हुए बाल को पकड़कर मेरे साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, मैं जोर जोर चिल्ला रही थी, तभी मेरे पति ललित बघेल चारामा से आए और बोले तुम लोग झगड़ो क्यो हो रहे हो बोलते हुए छूड़ाने का प्रयास किया तो आरोपी ने पति के साथ भी गाली गलौज किया व मारपीट किया है। आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दिया गया है, जिससे मैं बहुत ही भयभीत हू।

प्रार्थियां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शराबी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पेज 09 के शेष ...

#### एनसीसी व्यक्तित्व...

परीक्षा के दौरान सभी कक्षा में निरीक्षण किया । इसके साथ विद्यालय में निवृत्ति फाउंडेशन के द्वारा आयोजित वर्चुअल इंटरव्यू आयोजित करवाया गया, जिसमें 12वीं कक्षा की छात्र छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका संगीता राम और टीजीटी मैथ्स मधु यादव उपस्थित रहे।

#### पीएम मोदी ने मन ...

उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान लोगों को खीर खिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता बबलू सरकार, राहुल विश्वास, पियूष मंडल, सुब्रत कर्मकार, विजय पटनायक, नारायण बोस, राजू कुंडू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा में सम्मिलित हुए 64 कैडेट्स



**कांकेर।** 8 छग स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कांकेर की ए प्रमाण पत्र परीक्षा शहर के नरहरदेव स्कूल में लिखित परीक्षा के साथ प्रायोगिक परीक्षा आयोजित किया गया, जिसमें शहर के नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय एवं पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा विद्यालय के 64 कैडेटों ने परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में शामिल होने वाले कैडेटो में उत्साह देखने को मिला।

एनसीसी ए प्रमाण पत्र के लिए लिखित परीक्षा 350 अंको की हुई, जिसमें 140 वैकल्पिक प्रश्न पूछे गए। लिखित परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक हुआ। कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेंद्र फलस्वाल के निर्देशन में परीक्षा संपन्न हुआ। परीक्षा में ड्रिल, व्यक्तित्व विकास, शिष्टाचार, लीडरशिप, प्राथमिक चिकित्सा, शासन की लोककल्याणकारी योजना, मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, सामान्य ज्ञान, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, संचार के माध्यम, अंतर्गत मोबाइल से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। द्वितीय पाली में प्रायोगिक परीक्षा 150 अंको का हुआ, जिसमें फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, वेपन ट्रेनिंग सेकंड ऑफिसर हेमलाल साहू एवं मैप रीडिंग की परीक्षा हवलदार कार्तिक एवं हवलदार नरेश ने लिया। आयोजित परीक्षा के समय नरहरदेव स्कूल के पूर्व एनसीसी अधिकारी एके सिंह उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अभियान के दौरान मिला बैग, मालिक को लौटाया



**कांकेर।** जनसहयोग संस्था को स्वच्छता अभियान के दौरान 28 जनवरी रविवार को सुबह नदी के किनारे कूड़े के ढेर में एक बैग मिला, जिसमें किसी व्यक्ति के अनेक सरकारी दस्तावेज व फोटोग्राफ्स थे। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने सर्वप्रथम बैग में मोबाइल नंबर तलाश किया और उसके मालिक को फोन लगाकर बैग मिलने की जानकारी दिया। फोन करने पर जानकारी मिली कि स्वच्छता अभियान के दौरान मिला बैग ग्राम मोदे के प्राचार्य सीआर गावड़े का था, वे अपने इस बैग को पिछले तीन-चार दिनों से तालाश कर रहे थे। बैग में उनके जरूरी सरकारी कागजात होने के कारण बैग का मिलना उनके लिए बहुत ही जरूरी था। बैग के मालिक ने बैग खोने की जानकारी कांकेर पुलिस को दिया था। बैग मिलने की जानकारी होते ही प्राचार्य कांकेर आए और संस्था अध्यक्ष से मिलकर पुलिस थाने के माध्यम से मोदे के प्राचार्य को बैग सही सलामत वापिस मिल गया। प्राचार्य ने बताया कि वे भी अपने बचपन में किसी का खोया बैग प्राप्त कर वापिस कर चुके थे, उस समय की गई ईमानदारी का यह परिणाम आज मिला। प्राचार्य ने कहा कि मेरा कागजात से भरा हुआ बैग जन सहयोग वालों ने खोज कर वापिस किया। अध्यक्ष तथा उनके साथियों का यह सहयोग कभी नही भूल सकता हूं।

## परिक्रमा में विधायक सावित्री मंडावी, जनप्रतिनिधि, नगर व ग्रामवासी भी शामिल हुए

# ढाई परिक्रमा के साथ चारामा मेले का शुभारंभ, मीना बाजार आर्कषण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- इलेक्ट्रानिक पद्धति से लेस खास टोरा टोरा, चांद तारा झूला, ब्रेक डांस, ड्रायगन जैसे अन्य झूले लगे

नगर चारामा का वार्षिक मेला 28 जनवरी को देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ हुआ। नगर के मंडी प्रागण में सप्ताह भर चलने वाले मेले के आयोजन के लिए पूर्ण तैयारी के साथ मुख्य मेला में काफी भींड़भाड़ रहा। नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित ठाकुर दाई की पूजा अर्चना के बाद मॉ शीतला में पूजा अर्चना की गई और साथ ही नगर के देवी देवता सभी शामिल हुए।



मॉ शीतला से आर्शीवाद लेकर देवी देवता डॉग डोरी के साथ नगर के मेला स्थल मंडी प्रांगण पहुँचे, जहॉ अन्य ग्रामो से आए सभी देवी देवता भी मेले में शामिल हुए। विधिवत और पारम्पारिक पूजा अर्चना के बाद सभी देवी देवता ने चारामा नगर और ग्रामो की खुशहाली के लिए पूरे नगर का ढाई भंवर परिक्रमा किया। इस परिक्रमा में क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी सहित नगर के जनप्रतिनिधि, नगरवासी व ग्रामवासी भी शामिल हुए। परिकमा के साथ ही मेले का शुभांरभ हुआ। मेले का मुख्य आकर्षण मीना बाजार रहा, जहां युवाओं ने आकाश झुले का आनंद लिया। पारंपरिक चारामा नगर के मेले में पूर्व से चले आ रहे रहटोली झूला भी गांव के लोगों में आज भी पसंद बना हुआ है, वहीं इलेक्ट्रानिक पद्वति से लेस खास टोरा टोरा, चांद तारा झुला, ब्रेक डांस, ड्रायगन जैसे अन्य झूले भी लगे हुए है। इस बार बच्चों के लिए लिए रोमांचित करने बाले झूले भी काफी पसंद किया गया। विकासखंड के सुदूर अंचल के गावों तक के लोग पूर्व से मानते आ रहे हैं। चारामा मेला ही एक मुख्य अवसर होता था, जहां चारामा मेले में दूरस्थ जगहों से लोगों के यहां अतिथियों का भी आगमन होता है।

थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि नगर के होने वाले मेला में शांति व व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर जवानों एवं अतिरिक्त महिला पुलिस बल की तैनाती कि गई। दीनदयाल चौक मे एनिकेट बनाकर रखा गया है, यहां से चार पहिया वाहनो को मेला स्थल पर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही हैं। मंडी गेट में एनीकेट बनाया गया है, जहां दो पहिया वाहन को रोका जा रहा हैं। मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय कोटवारो का भी सहायता लिया गया है। इसके बावजूद लोगों को घटना दुर्घटना में जहां कहीं जरूरत पड़े चारामा पुलिस हमेशा मुस्तैद मिलेगी।

## सेलेगोंदी के पोलिंग बूथ में सुनी पीएम के मन की बात



**कांकेर।** विकासखण्ड कोरर अंतर्गत ग्राम सेलेगोंदी में 28 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पोलिंग बूथ 170 में पीएम मोदी की मन की बात को सुना गया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में कहा कि हम सबको एक सूत्र में बांधा और 26 जनवरी की परेड बहुत ही अद्भभुत रहा। अमृत काल में एक नई उमंग नई तरंग है। बदलते हुए भारत में बेटियां हर क्षेत्र में अपना शानदार प्रदर्शन कर रही है, नाम रोशन कर रही है। पद्म पुरस्कार पाने वाली 30 महिलाएं भी शामिल हुई। वैधराज हरिचंद मांझी छत्तीसगढ़ के पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। नारायणपुर जिले की गरीब लोगों की सेवा कर रहे हैं। लगभग 5 दशक से अंगदान से कई लोगों की जिंदगी बच रही हैं। पीएम ने कहा अयोध्या में मैंने वीडियो से राम से राष्ट्र को जुड़ते हुए देखा है। मन की बात सुनने के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, मंडल महामंत्री जय शिवना, महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जयना तारम, पीयूष कश्यप, दिलिप चुरगिंया, राकेश भुआर्य, श्याम सुंदर राना, गायत्री शिवना, शिवनारायण शिवना, सर्वेश राना, देवकुमार नरेटी, गुलशन कश्यप व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने दिए बेहतर उपचार के निर्देश



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एमपीएम हॉस्पिटल में भर्ती भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी की माता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

### भाजपा जिलाध्यक्ष की माता को देखने अस्पताल पहुंचे वनमंत्री



**जगदलपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष रूप सिंह मंडावी की माता के रायपुर रिफर होने के पहले स्वास्थ्य की जानकारी लेने वनमंत्री केदार कश्यप एमपीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर बेहतर उपचार के बाद स्वस्थ होकर वापस आने की कामना की।

### गणतंत्र दिवस पर गांव में निकली प्रभात फेरी



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साड़गुड़ में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए और विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। सबसे पहले प्रभात फेरी निकाली गई जो ग्राम पंचायत साड़गुड़ से होकर शहीद पदलम कश्यप की प्रतिमा के सामने माल्यार्पण कर समाप्त हुई। उसके पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान प्राचार्य भावना बस्तियां, पूर्व सरपंच लखमू राम बघेल, जनपद सदस्य कनक दई, व्याख्याता नीरज दास, नेत्री पाढी, केदारनाथ शर्मा, उपेंद्र कुमार अग्निहोत्री, अंकित पाल, लक्ष्मी यादव ,बुद्धेश्वर ठाकुर, माया मिश्रा, नीतू बारला ,वीरेंद्र गायकवाड , संजय पांडे, ज्योति साहू एवं नीरज मिश्रा उपस्थित थे।

### शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र



**जगदलपुर।** छ.ग. राज्य स्तरीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मांग पत्र सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत की नियुक्ति के दौरान स्थानांतरित शिक्षकों की वरिष्ठता संविलियन निर्देशों के विपरीत किया जा रहा है। स्थानांतरित शिक्षकों के साथ एक नयी विसंगति को जन्म दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में शिक्षकों का संविलियन 1 जुलाई 2018 को किया गया तथा संविलियन के पश्चात पंचायत की नियुक्ति के दौरान स्थानांतरित शिक्षकों की वरिष्ठता शिक्षा विभाग के नियमों के तहत न किया जाकर पंचायत के नियमों के तहत किया जा रहा है। जबकि छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी संविलियन निर्देश में स्पष्ट उल्लेख है कि शिक्षक (एल.बी.) संवर्ग को देय समस्त लाभ के लिये सेवा की गणना संविलियन से की जायेगी। जिससे बहुत से शिक्षकों की 15 से 20 वर्ष की सेवा संविलियन पश्चात भी शुन्य घोषित किया जा रहा है। इस दौरान विजय कुमार नायडू, संकेत कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र कुमेटी, राजेन्द्र पानीग्राही, खेतीमल दीवान, सुकरू राम बघेल समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

जगदलपुर। सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली में कंगोली विद्यालय, धरमपुरा-3 विद्यालय एवं वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्याल ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस मनाया। ध्वजारोहण चिकित्सक डॉ. खिलेश्वर सिंह एवं सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप के द्वारा किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं नृत्य विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये।

### नवनिर्मित प्राथमिक स्कूल भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

# विधायक ने दुबेउमरगांव को दी 25 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्य अतिथि लखेश्वर बघेल द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम बस्तर विधायक लखेश्वर ने गांव में विराजी माता फिरंता मंदिर पहुंचकर दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की ग्राम वासियों एवं माता बहनें द्वारा विधायक का भव्य स्वागत किया। बस्तर विधायक ने कहा की ग्राम दुबेउमरगांव में सर्वसमाज के लिए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कर लगातार बस्तर में हमनें लगभग सभी समाज को एक अच्छी पहल हेतु प्रेरणा लेकर आने वाले पीढ़ी के लिए एक अच्छी नींव रखने का काम कर रहा हुँ। दुबेउमरगांव फिरंता माता मंदिर स्थित प्रांगण पर रंगमंच का भूमिपूजन कर विधायक ने कहा कि हम सब सामाजिक प्राणी है समाज की संस्कृति व परंपराओं के अनुरूप हम अपना जीवन निर्वाह करते हैं हर समाज की अपनी संस्कृति व परंपरा है, जिससे उनकी अपनी पहचान है। विधायक ने पूरा किया सदियों पुराने फिरंता माता मंदिर परिसर के ऐतिहासिक व पौराणिक भवन हेतु जीर्णोद्धार और परिसर के कार्यों के लिए भूमि पूजन किया गया।

उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्कूल भवन का फीता काटकर उद्घाटन कर कहा कि शिक्षा मानव जीवन की अनमोल पूंजी है शिक्षा मनुष्य के लिए अति महत्पूर्ण है पढ़ाई कर अच्छा नागरिक बने तथा देश-समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चत करें। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं बस्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश राम बघेल, सरपंच रामया राम मौर्य, उप सरपच रूपेंद्र भंडारी, रुपेश चिराम, पूरन ठाकुर, लालू भारती, रमेश ठाकुर, पीला राम, डिगेश्वर उसेंडी सोभाराम मानिकपुरी रुपसिंग दीपक कश्यप, मनोज ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, नरसिंह कश्यप, ईश्वर, धनसिंह, लुकेश,पार्वती, बुदरू, शोभाराम, कामता, तृप्ति, साँवली, निराशा, डमरू, संतु, कमलवती एवं समस्त कार्यकर्त्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सांसद और विधायकों ने स्व. लक्ष्मी नारायण देव को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना प्रगट की

सांसद चुन्नीलाल साहू ,विधायक नारायण चंदेल, लखेश्वर बघेल, प्रमोद मिंज, रोहित साहू और महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सुकमा पहुंचकर स्व. कुमार लक्ष्मी नारायण देव को श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना प्रगट की। स्व. देव को श्रद्धांजलि देने प्रकाश बजाज, अभय भी सुकमा पहुंचे। उन्होंने चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में करण सिंह देव, कुमार जयदेव, किरण देव, विक्रम सिंहदेव और उनके परिजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हाईस्कूल मैदान में होगा 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा नगर में युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 2 से 5 फरवरी 2024 को दंतेवाड़ा नगर के हाई स्कूल खेल मैदान में होना निर्धारित है। जिसकी तैयारी हेतु गायत्री परिजन जोरशोर से लगे हैं।

जिले के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 250 गायत्री परिवार के कर्मठ कार्यकर्ता यज्ञ तैयारी को अंतिम रूप देने व्यवस्था समिति के समस्त विभाग, यज्ञशाला, आवास सुरक्षा भोजनालय आदि समितियों की समीक्षा करने हेतु शांतिकुंज प्रतिनिधी उपजोन समन्वयक लेखराम साहू द्वारा गायत्री शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में बैठक लिया गया साथ ही यज्ञ स्थल का निरीक्षण भी किया गया। गायत्री शक्तिपीठ की व्यवस्थापक गुरुबंधु सिन्हा ने बताया कि लगातार सभी कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पुनिष्ठा ईमानदारी के साथ कर रहे हैं आदि शक्ति मां दंतेश्वरी की पावन धारा में यह कार्यक्रम विगत एक दशक 20 वर्षों से भी अधिक पहले हुआ था।

एक एक पीढ़ी बीत जाने के बाद यह दंतेवाड़ा एवं आसपास के सभी लोगो के लिए स्वर्णिम अवसर आया है यहां पर 2 से 5 फरवरी इन चार दिनों में विभिन्न प्रकार के संस्कार गर्भधारण संस्कार मुंडनसंस्कार, दीक्षा संस्कार, विवाह संस्कार आदि पूर्ण रूप से संपन्न होंगे। सभी आगंतुकों के लिए निशुल्क भोजन और आवास की पूर्ण व्यवस्था है। हम लोगों को आवाहन कर रहे हैं कि इस महायज्ञ में सम्मिलित होकर अपने और अपने परिवार के जीवन को अनुग्रहित करें।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र किस्टारम थाना के अंतर्गत डब्बामार्का गांव में सेवा दे रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ मुख्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के कंमाडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सहायक कंमाडेंट मनोज कुमार पांडे सहित बटालियन की ई/212 ने डब्बामार्का, किस्टाराम, जिला सुकमा में उपस्थित सभी अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आम जनता के बीच मैत्री और सौहार्दपूर्वक संबंध बनाने के मकसद से एफओबी. डब्बामार्का में एक सिविक एक्शन प्रोग्राम, कंमाडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें आम जनता को खेल-कूद की वस्तुएँ, कपड़े एवं खेती के लिए जैविक बीज वितरण किया गया। गांव की औरतों को सिलाई और बच्चों को कम्पयुटर सिखाने के लिए क्लासें शुरू की गई।

इसके अतिरिक्त बीमारी से ग्रस्त लोगों को उपस्थित मेडिकल स्टॉफ द्वारा चैक-अप के साथ-साथ मुफ्त में दवाईयां भी बांटी गई। इस प्रोग्राम में लगभग 220 की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। अन्त में कंमाडेंट द्वारा प्रोग्राम में आए हुए स्थानीय लोगों को अच्छे रहन-सहन व पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा भाग लेने वाले स्थानीय लोगों को जलपान खाने का व्यवस्था किया गया था।

### सालातोंग के बच्चों व ग्रामीणों को कराया भोज

वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सालातोंग गांव के स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के साथ सीआरपीएफ 208 कोबरा बटालियन एवं बीएन 217 बटालियन ने गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में स्कूली बच्चों एवमं ग्रामीणों को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर भोजन कराते हुए सीआरपीएफ अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ बच्चों व ग्रामीणों को दी। ज्ञात हो कि सीआरपीएफ कोबरा द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते आये हैं।

## गांधी प्रतिमा और राजीव भवन में ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण ने गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी निकालकर गोलबाजार स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष व राजीव भवन में शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान महापौर सफिरा साहू, सभापति कविता साहू, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, विधायक प्रत्याशी जतिन जायसवाल, महिला अध्यक्ष सरला तिवारी, अनवर खान, अगंद प्रसाद त्रिपाठी, रामकुमार झा, अतिरिक्त शुक्ला, राजकुमार दण्डवानी, सुभाष गुलाटी, नरेन्द्र तिवारी, एम वेंकट राव, सूर्यपानी, अब्दुल रशीद खान, ललिता राव, सुरेंद्र झा, संतोष यादव, जावेद खान, ज़ाहिद हुसैन, सेमियाल नाथ, अपर्णा बाजपेई, शहनाज बेगम, मोइन अख्तर, पापिया गाईन, आनंद शर्मा, सायमा अशरफ, अमरनाथ सिंह, दुर्योधन कश्यप, राजेश नेताम, नीलम कश्यप, एस नीला, सलीम अली, अंजना नाग,विक्रांत सिंह, अंकित सिंह, शादाब, कौशल नागवंशी, एम ज्योति राव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुक्ति मोर्चा के पासपोर्ट कार्यालय की मांग को लेकर दिल्ली तक किए संघर्ष रंग लाया

**जगदलपुर।** शहर में पासपोर्ट कार्यालय को लेकर लंबे समय से बस्तर की जनता की मांग को लेकर दिल्ली तक बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद एवं मोर्चा के पदाधिकारियों का परिश्रम रंग लाया। नवनीत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते बताया कि बस्तर विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर हमने अनेक स्तर पर संघर्ष किया है। पासपोर्ट कार्यालय को लेकर भी मोर्चा संघर्ष किया गया। रायपुर से दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पासपोर्ट कार्यालय प्रभारी लेफ्टिनेंट अशोक कुमार एवं भारतीय डाक बिजनेस डेवलपमेंट महाप्रबंधक प्रणव कुमार से भेंट कर विदेश मंत्री अजय शंकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। पासपोर्ट कार्यालय के उद्घाटन के रास्ते में आ रही समस्याओं एवं अन्य सुविधाओं पर चर्चा की गई थी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अब मुख्यमंत्री द्वारा पासपोर्ट कार्यालय के लोकार्पण के बाद बस्तर की जनता लाभांवित होंगे। पासपोर्ट के लिए 300 से 400 किलोमीटर भटकना नहीं पड़ेगा।



### गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट अभिकर्ताओं का सम्मान ...




**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय धरमपुरा में 26 जनवरी को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजेन्द्र भारती ने ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व पर उपयोगी जानकारियां दी। उसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं का ट्राफी और मेडल के साथ सम्मान हुआ। संचालन प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र पवार तथा शिवशंकर पिल्ले ने किया। शाखा प्रबंधक विक्रय अभिषेक जैन तथा प्रशासनिक अधिकारी थामस फिलिप ने मुख्य पॉलिसियों के बारे में जानकारी देकर अधिक आय अर्जित करने की बात कही। इस मौके पर विकास अधिकारी, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार, अभिकर्ता तथा कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### शिल्पी ने मनाया गणतंत्र दिवस

**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ नेताजी की मूर्ति के समक्ष मनाया। नेताजी की मूर्ति में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दुलाल घोष, हरि माधव दास, दिशान चक्रवर्ती, मृणाल मलिक, असीम गईं, शेफाली सरकार, रानी शेरपा, भारती एवं शिल्पी के अध्यक्ष सुबीर नंदी ने गणतंत्र दिवस के विषय एवं शिल्पी संस्था की गतिविधियों के बारे में बतलाया। संचालन महासचिव संजीव सील ने किया। इस दौरान मैत्री संघ के उपाध्यक्ष देवव्रत, विद्या निकेतन प्राचार्य इंद्राणी नंदी, बंग समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय, शांतनु नाथ, संजय चंद्रा, प्रतिमा राय व अन्य उपस्थित थे।



## कमांडेंट ने कहा नक्सल क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार झा कमांडेंट 165 वीं वाहिनी के.रि.पु. बल के नेतृत्व में मुख्यालय, फुण्डरी, बीजापुर कैंपस के प्रांगण में क्वार्टर गार्ड पर झंडा फहराया गया।

साथ ही अनेक वीर जवानों को प्राप्त वीरता पदक व अन्य अलंकरणों को पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ ही अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने हौसला बढ़ाया। जवानों के मध्य मिष्ठान वितरण कर गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित किया गया। संध्याकाल में मुख्यालय बॉलीबाल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सी 165 समवाय टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता के खिलाडियों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने कहा कि 165 वीं वाहिनी, केरिपुबल, बीजापुर छ.ग का यह निरन्तर प्रयास है कि छत्तीसगढ़ जैसे अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र को सरकार की नीतियों के तहत युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और जागरूकता व समन्वयता को बढ़ाना है।

## जगदलपुर बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एफसीसी के तत्वावधान में आयोजित अंतरराज्यीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता बेसोली फरसागुड़ा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पन्न हुआ।

फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि वनमंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिप अध्यक्ष वेदवती कश्यप, संतोष बघेल, निर्देश दीवान, उमाकांत कश्यप ने विजेता टीम जगदलपुर लालबाग को 51 हजार नगद व ट्राफी एवं उपविजेता भोपालपटनम टीम को 31 हजार नगद व ट्राफी समेत विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। वनमंत्री ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते कहा क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। साथ ही खेल और खिलाड़ियों के लिये भी बेहतर अवसर देने और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बस्तर के खिलाड़ी पहुंचे इसलिए भी हम प्रयास करेंगे।

फाइनल मुकाबले में लालबाग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए 16.4 गेंद में 95 रनो पर भोपालपटनम को आलआउट किया। जिसमें रविन्द्र ने पहले ओवर के 4 गेंदों में 2 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जयदीप ने 3 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट, कौशलेंद्र ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य हासिल करने लालबाग के बल्लेबाजों ने धाकड़ बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों में 2 छक्के के मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। अक्की ने 12 गेंदों में 3 चौके लगाकर 12 रन बनाए। लालबाग ने 17.1 गेंदों में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज किया। फाइनल मैच में मेन आफ द मैच लालबाग के कौशलेंद्र राठौर रहे, मेन आफ द सीरीज सागर शर्मा, बेस्ट बैट्समैन अक्षय सिंह रहे। बेस्ट कैच विल्सन डेविड भोपालपटनम रहे। एम्पायर आरिफ खान, ललित पांडेय, स्कोरर महेंद्र देवांगन, टिकेश नाग, बलराज, दिपांसु, कमेंट्रेटर तुलसु कश्यप, रविन्द्र पाणिग्राही, वीरेंद्र दीवान, सजंय जोशी रहे।

इस दौरान खितेश मौर्य, राजेश सागर, गौरव कशयप, रिंटू रंगारी, हीरालाल देवांगन, गणेश मरकाम,समलू मौर्य, रविकिसन, राहुल ठाकुर, रितेश यादव, कमलेश दीवान, भूपेंद्र दीवान, कोमल चौहान, महेश देवांगन, ओमप्रकाश, नागेश्वर चौहान, रामप्रसाद मौर्य, आसमन बघेल, अंशु चौहान, प्रदिप जोशी, रवि गुप्ता, सूरज गुप्ता,दीपेंद्र कश्यप, दीपांशु कश्यप, प्रवीण कश्यप, सोनू मौर्य, राहुल रंगारी, अखिलेश रंगारी, दीपक गुप्ता, चंद्रकांत धुरव, भुनेश्वर मौर्य सहित एफसीसी के सदस्य उपस्थित रहे।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 9 कैंप में शान से लहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अन्तर्गत संयुक्त रूप से पुलिस बल द्वारा सभी संवेदनशील नक्सल प्रभावित एरिया में अमन, शांति और सुरक्षा बरकरार रखते हुए नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने विगत 15 अगस्त 2023 से लेकर 26 जनवरी 2024 तक की अवधि में 9 नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए। जिसमें बीजापुर अंतर्गत पालनार, डुमरी पालनार, चिंतावागु, कावडगांव एवं सुकमा अंतर्गत मूलेर, परिया, सलातोंग, मुकराजकोंडा, दुलेड है। उक्त सभी कैंप भी एक समग्रित विकास केंद्र के रूप में कार्य कर रहे है। इन सभी स्थानों में आजादी के बाद से बिना किसी भय के वातावरण के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे शान से बनाते हुए तिरंगा फहराया गया। इन सभी नवीन स्थापित कैंपों में तैनात पुलिस और सुरक्षा बलों के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण करते हुए उन्हें गणतंत्र दिवस का महत्व और गौरव गाथा बताते हुए सभी लोगों को मिष्ठान, बच्चों को चाकलेट, मिठाई वितरण गया। सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज ने बताया कि बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात बटालियनों द्वारा क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु शासन के दिशा निर्देशों तथा स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुये लगातार कार्य किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस दिशा में हमारा संकल्प और ज्यादा मजबूत होगा।

## खबर संक्षेप



### शाला सुरक्षा के उपयों की दी गई जानकारी

**भानुप्रतापपुर।** विद्यालय समुदाय (बच्चे, शिक्षक, अभिभावक ) में आपदाओं के जोखिमों की पहचान एवं उनके कुप्रभावों को कम करने के उपायों की समझ एवं क्षमता विकसित करना एवम् विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम को नियमित शिक्षण प्रक्रिया में समाहित कर बच्चों में आपदा प्रबंधन की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालयों में हर शनिवार को आपदा प्रबंधन का पाठ पढ़ाया जाता है। हर शनिवार अलग अलग आपदाओं से बचाव एवं उससे निपटने के उपाय एवं तरीके बताए जाते हैं। इसी कड़ी में इस शनिवार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगाँव में वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुमन ठाकुर द्वारा मधुमक्खी दंश एवं कुत्ते के काटने से बचाव के तरीके छात्र छात्राओं को बतलाए गए। इस अवसर पर व्याख्याता महेश कुमार साहू, पुकेश्वर साहू, रैनसिंह दर्रो, के एल कटेंद्र, पीयूषा बंजारे, गायत्री भूआर्य, जागृति ध्रुव, लीनादेवी दुग्गा सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पीएम ने की परीक्षा पर चर्चा, छात्रों ने सुनी

**कांकेर।** परीक्षा पे चर्चा एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें देश और विदेश दोनों के ही छात्र, शिक्षक और अभिभावक प्रधानमंत्री मोदी के साथ परीक्षाओं और स्कूली जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करते हैं। परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बड़ी पहल एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 29 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। बातचीत के दौरान परीक्षा के तनाव को कम करने और परीक्षा की रणनीति पर चर्चा होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात भाजपाइयों ने सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मुल्ला गांव पर स्थित पोलिंग बूथ 90 शंकर नगर में भाजपा कार्यकर्ता इकठ्ठा हुए। वहां मन की बात कार्यक्रम का 109वें भाग को ग्रामीणों के साथ सुना गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 में अपने 'मन की बात' के पहले एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत राममंदिर के जिक्र के साथ की. पीएम मोदी ने कहा, '22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई, दिवाली मनाई। इस दौरान देश ने सामूहिकता की शक्ति देखी, जो विकसित भारत के हमारे संकल्पों का भी बहुत बड़ा आधार है. मैंने देश के लोगों से आग्रह किया था कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक स्वच्छता का अभियान चलाया जाए।

मुझे अच्छा लगा कि लाखों लोगों ने श्रद्धाभाव से जुड़कर अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की साफ़-सफाई की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे अनुसूचित जाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप अनुसूची जनजाति मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी राहुल धुन्ने वेनीराम मंडावी संजय नरेटी वार्ड पंच मंजू दुग्गा रिंकी साहू अंजली ठाकुर आदि उपस्थित थे।





### कोरर मंडल के शक्ति केंद्रों में पीएम के मन की बात सुनी

**कोरर।** 29 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के द्वारा शक्ति केंद्र सेलेगांव के सेलेगोंदी पोलिंग बूथ 170 में पीएम मोदी की 109 वां मन की बात को सुना मं की बात कार्यक्रम पर मोदी जी ने 22 जनवरी को अयोध्या में हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में कहा की हम सबको एक सूत्र में बांधा 26 जनवरी की परेड बहुत ही अद्भुत रही। अमृत काल में एक नई उमंग नई तरंग है। बदलते हुए भारत में बेटियां हर क्षेत्र में अपना शानदार प्रदर्शन कर रही है नाम रोशन कर रही है। पद्म पुरस्कार पाने वाली 30 महिलाएं भी शामिल हुई। वैधराज हरिचंद मांझी छत्तीसगढ़ को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।जो नारायणपुर जिले की गरीब लोगों की सेवा कर रहे हैं। लगभग 5 दशक से अंगदान से कई लोगों की जिंदगियां बच रही हैं। अयोध्या में मैंने वीडियो से देश राम से राष्ट्र को जुड़तें हुए देखा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अनूप सिंह राठौ, मंडल महामंत्री जय शिवना, महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष जयना तारम, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, दिलिप चुरगिंया, राकेश भुआर्य,श्याम सुंदर राना, गायत्री शिवना, शिवनारायण शिवना,सर्वेश राना, देवकुमार नरेटी,गुलशन कश्यप,आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पर्व : छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश भक्ति का दिया संदेश

# धनेलीकन्हार में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

धनेलीकन्हार में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीणों की उपस्थिति व पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतिवर्ष की भांती इस वर्ष भी सर्व प्रथम बस स्टैड में स्थित महात्मा गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा की पुजा अर्चना व मल्यारपण कर ध्वजारोहण ग्राम पटेल समधर नरेटी ने किया। इस अवसर पर हिरामन चुरगिया, सुकाल फरदिया, कल्याण सिंह पिद्दा, प्रेम लाल कोमरा, खेमलाल साहू उपस्थित रहे।

हल्बा सामाजिक भवन धनेलीकन्हार में समाज के ग्रामीण अध्यक्ष तोखराज बारला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कृष्णा निषाद, भुजबल तारम, मनबोध जैन, वैद औरसा, खेमलाल नायक, उपस्थित रहे। पशु औषधालय में डॉ. बिथिका उइके ने ध्वाजारोहण ने किया। इस अवसर पर तोषन कुमार, शेखर जैन, भागवत साहू, नकछैडिन बाई विश्वकर्मा, लखनी जैन, सुनती साहू संहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। प्राथमिक



शाला धनेलीकन्हार में प्रधान अध्यापिका प्रमिला ठाकुर ने ध्वजारोहण ने किया। इस अवसर पर संस्था के कर्मचारी प्रतिभा साहू, तोमेश कावडे, गणेश्वर बारला, व्यास साहू, नंद कुमार विश्वकर्मा, रोमकुमार साहू, नकुल भोयर उपस्थित रहे। बिहान समुह में केशरी पोटाई ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बिनको पोटाई, सुनीता सलाम, शकुन्तला साहू, किरण बारला, फुलेश्वरी, जयमोतिन ललेशर, संध्या लाटिया, सोहद्रा वटटी उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर में भारत माता की पुजा अर्चना कर आरती के बाद संस्था के संयोजक सरिता सेन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संगीता मानिकपुरी, सुमित्रा कावडे, भावना विश्वकर्मा, विजय दनात, अजय भोयर, टिकेश्वरी, दिपीका साहू, चेतनदास मानिकपुरी उपस्थित रहे। गोड़वाना भवन में गजेन्द्र सिंह पोटाई ने ध्वजारोहण किया गया, जिसमें राम चुरगिया, भुवन पोटाई, रत्ती राम यादव, राम प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

पिछड़ा वर्ग भवन भाजपा मंडल कार्यलय में भाजपा मिडीया प्रभारी व पिछडा वर्ग के अध्यक्ष व्यास साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मनसा राम साहू, लोकेश्वर सेन उपस्थित रहे। सामुदायिक भवन में समाज प्रमुख सुनऊ राम मंडावी ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच बिरेन्द्र मारगिया ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम के विकास में अपना महत्वपुर्ण योगदान देने वाले वरिष्ठ जन जो स्वगीय हो गए है, उनको याद करते हुए कहा की ग्राम आप सब का है व इसका विकास हम सभी को मिलकर करना है, यह सब सामुहिक प्रयास से ही संभव है। इस अवसर उपस्थित जन सामुदायिक को ग्राम पटेल समधर नरेटी व वरिष्ठ नागरीक गजेन्द्र सिह पोटाई, चतुर राम साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर पंच पुरुषोतम देहारी, जंयत्री लाटिया, नरेसिया सलाम, जानकी मंडावी, मोनिका औरसा, लोकेश्वरी रावटे, हरषो मंडावी, कुवारो फरदिया, गीता औरसा, सुमित्रा रावटे, फिरतु राम यादव उपस्थित रहे। हायर सैकेन्डरी स्कुल भवन में संस्था के प्रचार्य मंमता गोस्वामी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महात्मा गांधी, भीमराव अम्बेडकर, भारत माता की छायाचित्र की पुजा अर्चना व मल्यार्ण किया गया। संस्था में शिक्षा लिए शहीद यशवंत साहू, अंतुराम पटेल, कौशल तीवारी को श्रध्दा सुमन अपृत किया गया। इस अवसर पर स्कुली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, इस अवसर पर निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प लिया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर।

जवाहर नवोदय विद्यालय में 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया व सभी स्टाफ सदस्यों और बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दिया। एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स एवं स्कूल के प्रत्येक सदन का निरीक्षण किया गया उसके तुरंत बाद एनसीसी कैडेट्स के द्वारा तिरंगे झंडे को परेड के द्वारा सलामी दी गई। 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास राणा परास्नातक इतिहास के द्वारा गणतंत्र दिवस के बारे में बताया की भारत देश 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र हुआ। भारत के इतिहास में यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इस दिन हमें अपना संविधान मिला और इसी दिन से भारतीय संविधान के अनुसार भारत की शासनव्यवस्था लागू हुई। इस बड़े कार्य में बहुत सारे प्रसिद्ध नेताओं ने अपना योगदान किया। इसलिए प्रत्येक वर्ष यह दिन बड़े गर्व के साथ देश के सभी नागरिकों द्वारा मनाया जाता है। उसके बाद ओड़िया भाषा मे श्रुति लिपि साहु, अंग्रेजी भाषा में शुभास्त्री पॉल के द्वारा गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सूरजमल भैरवा, कमल सिंह एनसीसी ऑफिसर और स्काउट गाइड अधिकारी, शिक्षिका संगीता, खेल शिक्षक सैयद खालिद जहांगीर, हिंदी शिक्षक ताहिर हुसैन, अंग्रेजी शिक्षक जहांगीर शेख और सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ ने किया ध्वजारोहण



**चारामा।** पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा वाचनालय चारामा में गणतंत्र दिवस मनाया गया। वाचनालय में तहसील अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण कियागया। अध्यक्ष ने कहा कि आगामी तहसीलदार चारामा मे ससम्मान दिवस मनाया जाएगा, 80 वर्ष से अधिक को सम्मानित किया जाऐगा, पेंशनरो द्वारा सम्मान दिवस पर मानसगान कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा। साथ ही सभी पेंशनरो को वाचनालय के लिए धार्मिक एवं साहित्यक पुस्तक देने को कहा गया।

## सशिमं के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, बच्चे हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



सरस्वती शिशु मंदिर धनेलीकन्हार के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी को चौपाल भवन में वार्षिक उत्सव मनाया गया। भारत माता, ओम व सरस्वती माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच बिरेन्द्र मारगिया ने कहा की शिशु मंदिर में बच्चो को शिक्षा ही नहीं, संस्कार भी दिया जाता है। यंहा पर पढने वाले बच्चे अपने घरो में माता पिता के साथ बुजुर्गों का प्रतिदिन आशीर्वाद लेते है। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में संस्था के प्रधानाचार्य की शिक्षा के प्रति नित्य नई सोच की वजह से आज यंहा पढने वालो बच्चों की संख्या में प्रतिवर्ष बढोतरी हो रही है। यहां पर पढे बच्चे आज बोर्ड परिक्षा में टाप टेन में भी स्थान बना रहे है। कार्यक्रम में शिशु मंदिर के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह पोटाई, ग्राम पटेल समधर नरेटी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के भैया, बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें होमेश्वरी, रितिका, लतिका, हेतल व साथीयों ने धरती करे पुकार विषय पर लधु नाटीका प्रस्तुत किया। रसायनिक खाद व किटनाशक दवाईयों से हो रही बंजर भुमी पर चिंता व्यक्त कर आने वाले भविष्य में इसके दुष परिणाम को बारे में बताते हुए भुमी सुधार की दिशा में किए जाने वाली उपायों की जानकारी दी गई, इस नाटीका को लोगो ने खुब पंसद किया। जल की बचत विषय पर बहन उरवी बारला, तनमय, वाकेश व साथियों के द्वारा आयोजित लधुनाटीका ने खुब तालीया बटोरी व ताना जिसको गुलेश्वरी, चंचल, गीतांजली, याचना, महिमा, शेजल, चन्द्र प्रकाश, नीलकमल, सुमित, डिपासा सेन ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व्यास साहू व तोमेश कावडे ने किया एवं अभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य संगीता मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर प्रेम कोमरा, खेमलाल साहु, मनोज रावटे, देवनारायण ठाकुर, भेदन सेन, वेद कुमार औरसा, दिगम्बर जागडे, सुमित्रा कावडे, संयोजक सरिता सेन, भावना विश्वकर्मा, विजय दनात, अजय भोयर, टिकेश्वरी भोयर, दिपीका साहू, चेतनदास मानिकपुरी संहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पैराडाइज स्कूल में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में 75वीं गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय ध्वाजारोहण राजकुमार फब्यानी द्वारा विजय लखवानी एवं प्राचार्य रश्मि रजक की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं, पालक एवं अन्य अतिथिगण ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 42 छात्र-छात्राओं ने जिला कार्यक्रम पीटी अभ्यास में भाग लिया। योग एवं ध्यान की शिक्षा को, शिक्षा का उद्गम स्त्रोत बताते हुये स्वस्थ जीवन के लिए योग एवं ध्यान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए देश के प्रत्येक स्कूल के सभी विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान की अभ्यास करने के प्रेरणा देने के लिए 82 छात्र-छात्राओं ने योग नृत्य प्रस्तुत किया। अच्छे संदेश एवं नवाचार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए विशेष सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। स्कूल में प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से देश भक्ति गीत पर अफान शेखानी, चेतन्या पटेल, जनार्दन कुंभकार, लेव्याश पटेल, भूमिका सलाम, अंजलि चैरसिया, आध्या पाल, पुष्पांजलि धनकर, हिमांशी देवांगन, मानसी पटेल, विद्या मरकाम, नैना वाशनिकर, अरशिया परवीन, देवयानी नेताम, लिशिता शांडिल्य, मान्या मण्डावी, ख्याति सिन्हा, स्वरा वर्मा तथा कक्षा चौथी के छात्रा यशस्वी सिन्हा, अनम अली, सौम्या सिन्हा, रिया मण्डावी, नौशिन फातिमा, अदिति नेताम, कोहिना कांगे, ट्विंकल नेताम, याशिका तुरकर, तेजस्वी जैंन, समृद्धि ठाकुर, झरना सिन्हा, खुशी जुर्री द्वारा देश भक्ति गीत जय हो पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिन्दी भाषण में रोशनी सिन्हा व अंग्रेजी भाषण में असफिया बानो एवं युक्ता यादव तथा मंच संचालन देविका देवांगन व फिरदौश फातिमा ने किया। राष्ट्रीय पर्व को उत्साह पूर्वक एवं गरिमामय संपन्न कराने में रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा एवं आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## परीक्षा पे चर्चा आज, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शिक्षक, अभिभावक एवं छात्रों से बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- परीक्षा के तनाव को कम करने की रणनीति से कामयाबी के हौसले होंगे बुलंद

प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी 29 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत छात्रो अभिभावको और शिक्षको के साथ बातचीत के दौरान परीक्षा के तनाव को कम करने की रणनीति पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में भाग लेने और प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने के लिए छात्रों में बहुत उत्साह है इसका उदाहरण पिछले साल के मुकाबला में दोगुने रजिस्ट्रेशन हुए है। इन्ही कार्यक्रम को देशभर में सफल बनाकर छात्र-छात्राओं अधिक से अधिक जोड़ने हेतु छ.ग. शासन के निर्देश के परिपालन में जिला प्रशासन निर्देशानुसार वि.ख. भानुप्रतापपुर में कक्षा 6 वीं से 12 वी कक्षा के विद्यालय में परीक्षा में चर्चा का कार्यक्रम आयोजन किया जावेगा। जिला कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन मार्गदर्शन में वि.ख. भानुप्रतापपुर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल विद्यालय में वि.ख. स्तरीय " परीक्षा पें चर्चा 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिससे स्थानीय स्तर के सभी शालाओं के विद्यार्थी, शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधि उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाऐगें। वि.ख. में 10 वी, 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए मोटिवेशन कक्षाऐ एवं अच्छे अंक प्राप्ति के टिप्स वि.ख. स्तर के अधिकारी एवं प्राचार्यों द्वारा लगातार चल रहा है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के तहत वि.ख. में माध्यमिक शाला के 72 शाला के विद्यार्थी एवं हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी विद्यालय 28 विद्यालयो के स्तर में /"परीक्षा पे चर्चा" आयोन किया जावेगा जिससे शिक्षक, छात्र, पालक, जनप्रतिधि सम्मिलित होगे संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य नोडल अधिकारी होगें। तथा संकुल समन्वयक आयोजित कार्यक्रम का संकलनकर्ता प्रतिवेदन कर्ता और MY Govt.in में फोटोग्नफ अपलोड कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। माध्यमिक शाला में जहां टी.वी. के माध्यम से या हाईस्कूल में डिजिटल क्लास काम के माध्यम से "परीक्षा पे चर्चा/" उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रम में सहभागी बनेगें। वि. ख. भानुप्रतापपुर में कक्षा 6 वी से 12 वी तक 10432 विद्यार्थी तथा शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधि परीक्षा पे चर्चा 2024 में जुड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महा अभियान में विद्यार्थियों एवं पालकों में परीक्षाओं में तनावमुक्त माहौल बनाकर विद्यार्थी अच्छे अंक अर्जित करने में सहयोगी बनेगें। परीक्षाओं को हम सब एक उत्सव के रूप में लेकर विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करे तथा उन्हे अपना सर्वोतम समय प्रदान करते हुए प्रोत्साहित करें।वि.ख. भानुप्रतापपुर में वि.ख. को तीन जोन में बॉटकर खंड स्तरीय शिक्षा विभाग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौप कर पालन प्रतिवेदन हेतु निर्देश जारी किये गये है। यह कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे /"भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली/" में होगा । कार्यक्रम में देश-विदेश से छात्र-शिक्षक, पालको से जुड़कर स्कूली जीवन में परीक्षा के दौरान आने वाले कठिनाईयों पर चिंतन एवं चर्चा करेगें।

### वर्चुअल कार्यक्रम को लेकर उत्साह

ये कार्यक्रम माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा साल 2018 से शुरूआत की गयी थी। इसके बाद हर साल कभी ऑनलाईन मोड में तो कभी ऑफलाईन मोड में आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष 29 जनवरी के 'परीक्षा पे चर्चा' (पीजी) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां पर प्रधानमंत्री देश और विदेश से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावको के साथ बातचित होगें। पीएम मोदी से सवाल करने के लिए छात्र अभिभावक और टीचर्स वर्चुवल मोड मे भी कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते है।

## न्यायपालिका और अधिवक्ता संघ एक दूसरे के पूरक

# न्यायाधीश की मौजूदगी में अधिवक्ता संघ नवीन कार्यकारिणी ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

न्यायालय प्रांगण भानुप्रतापपुर में 26 जनवरी की शाम अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में योगेश पारीख जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर,जीके नीलम जिला एवं सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर, श्रीमती लीना अग्रवाल जिला उपर सत्र न्यायाधीश कांकेर, भूपेंद्र वासनीकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर, आंनद बोरकर व्यवहार न्यायाधीश भानुप्रतापपुर, डायमंड गिलहरे व्यवहार न्यायाधीश कांकेर,शंकर कश्यप व्यवहार न्यायाधीश कांकेर,रविकुमार कस्यप व्यवहार न्यायाधीश पखांजुर,अरविंदम नेरल व्यवहार न्यायाधीश कांकेर मौजूद रहे। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में आयोजित






शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्द्रकुमार कटझरे सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों गोपाल शील,ईश्वरी साहू,राम शंकर साहू,दीपांकर विश्वास,शैलेंद्र मरकाम को पद व गोपनीयता की शपथ पूर्व अध्यक्ष निखिल ठाकुर के द्वारा दिलायी गई। कार्यक्रम का संचालन भानुप्रतापपुर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया। इस मौके पर श्री तिवारी ने गीतों के साथ समा बांधा। वहीं इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री पारीख साहब ने भी अपनी आवाज में मनमोहक गीतों के साथ बिखेरा। मुख्य अतिथि के रूप में योगेश पारीख जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और न्यायायिक व प्रशासनिक कार्यो में तहसील के सभी अधिवक्ताओं द्वारा किये जाने वाले सहयोग की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ और न्यायपालिका एक दूसरे के पूरक बनकर काम करते हैं, यदि कभी किसी वजह से कोई गतिरोध उत्पन्न हो जाता है तो उसे आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है।जीके नीलम जिला एवं सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर, श्रीमती लीना अग्रवाल जिला उपर सत्र न्यायाधीश कांकेर, ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री कटझरे साहब ने अतिथियों व अधिवक्ताओं एवं कार्यक्रम में मौजूद सभी का आभार जताया। पूर्व अध्यक्ष निखिल ठाकुर ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उपलब्धियां को विस्तार से बताया। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप से कांकेर जिले के अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नरेंद्र दवे, अशोक शील गजेंद्र साहू, संजय यादव,एमएम उप्रेती, त्रिभुवन शंकर यादव, सीमा तिवारी, संतोष साहू, होरीलाल यदु, अखिलेश तिवारी, देवेंद्र जैन, धनराज जैन, इंद्रकुमार रावत, भुनेश शर्मा, शुकलाल सलाम, रितिक गुप्ता, सौरभ मानिकपुरी,व यपारी संघ अध्यक्ष अनन्त गोपाल कोठारी, पेत्रकार संघ के संरक्षक राजकुमार दुबे, डाकवर मिश्रा, प्रेसक्लब अध्यक्ष अजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजा पांडेय, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश गावड़े, पार्षद मनीष साहू, डिगेश खपर्डे, राजीव श्रीवास, लछमी बाग, सुरेश सचदेवा, लछमण कुलदीप समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

